सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-381**
29/08/2017

ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री मदन सहनी, कांटी के विधायक श्री अशोक कुमार चौधरी ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये मुख्यमंत्री को चेक सौंपा

पटना 29 अगस्त, 2017 :– आज सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मिलकर ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार ने एक लाख एक हजार रूपये, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री मदन सहनी ने एक लाख ग्यारह हजार रूपये तथा कांटी विधायक श्री अशोक कुमार चौधरी ने एक लाख ग्यारह हजार रूपये का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिये सौंपा।

मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री मदन सहनी एवं कांटी विधायक श्री अशोक कुमार चौधरी को धन्यवाद दिया तथा उनके इस सामाजिक पहल की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा के समय हम सबको अपनी संवेदनशीलता को प्रदर्शित करना चाहिये और पीड़ितों की सेवा में बढ़–चढ़कर हाथ बंटाना चाहिये।

******